राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
नई दिल्ली । शुक्रवार • 21 फरवरी • 2020 | राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

सीबीएसई :10 वीं आईटी की परीक्षा के एक प्रश्न में उलझे छात्र

नई दिल्ली (एसएनबी)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के दसवीं के परीक्षार्थियों ने बृहस्पतिवार को इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी की परीक्षा दी। पेपर कुल 50 अंकों था। परीक्षा पैटर्न सैम्पल आधारित पेपर पर था। इससे परीक्षार्थियों के लिए आसानी हो गई। हालांकि एक प्रश्न उलझाने वाला था। वर्ड पर आधारित एक प्रश्न आया था, इसमें परीक्षार्थी के समक्ष यह उलझन थी कि इसका जवाब एमएस वर्ड या ओपन ऑफिस वर्ड पर लिखना है।

पहली बार इम्प्लायबिलिटी आधार पर भी प्रश्न आए

पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की सब्जेक्ट एक्सपर्ट तरविन्दर ने बताया कि परीक्षार्थी किस आधार पर इसका उत्तर लिखेगा तो यह एक कंफ्यूजन था। यह प्रश्न एक अंक का था। हालांकि पेपर आसान था और औसत स्तर का परीक्षार्थी भी इसे कर सकता था। पेपर में पहली बार इम्प्लायब्लिटी स्कील्स का हिस्सा जोड़ा गया है।

पेपर में कुल 39 प्रश्न थे, जिसमें कई विकल्प भी दिए गए। इसमें छात्रों को कुल 27 प्रश्न करने थे। प्रश्नपत्र दो सेक्शन में विभाजित था। पहला इम्प्लायब्लिटी स्किल्स का था, जो की 10 अंकों था। दूसरा सेक्शन सब्जेक्ट स्किल्स पर आधारित था जो कि 40 अंकों था। इम्प्लायब्लिटी स्किल्स में चार प्रश्न ऑब्जेक्टिव टाइप थे। स्कूल के परीक्षार्थी लवी, निशांत ने कहा कि पेपर आसान था, जैसी तैयारी की थी, उसी तरह से पेपर आया। हमे उम्मीद है कि पूरे अंक मिल जाएंगे।